# देशभर में मानसून ने पकड़ी रफ्तार

▸ उत्तर से दक्षिण तक आंधी तूफ़ान का अलर्ट

**नई दिल्ली, 23 जून. भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक मानसून की उत्तरी सीमा फिलहाल हरनाई, सोलापुर, हैदराबाद, भद्राचलम, कोरापुट, फूलबनी, रांची, जमुई और मुजफ्फरपुर तक पहुंच चुकी है.**

इसका मतलब है कि दक्षिण और पूर्वी भारत के बड़े हिस्से मानसून की चपेट में आ चुके हैं लेकिन उत्तर भारत दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान अब भी मानसून का इंतजार कर रहे हैं. गुजरात और मध्य भारत के कई हिस्सों में भी इसकी पहुंच अधूरी है. मानसून ने इस साल केरल में हल्की देरी से एंट्री ली लेकिन असली चिंता उसके बाद सामने आई जब इसकी प्रगति अचानक धीमी पड़ गई. मौसम विज्ञान में इसे मॉनसून ब्रेक कहा जाता है. इसी वजह से सैटेलाइट तस्वीरों में बादलों का फैलाव कम नजर आया और कई इलाकों में बारिश अचानक घट गई यानी मॉनसून खत्म नहीं हुआ बल्कि उसका एक्टिव फेज कमजोर पड़ गया. आईएमडी के मुताबिक अब हालात फिर से अनुकूल हो रहे हैं और 23 जून के आसपास मानसून एक बार फिर तेजी पकड़ सकता है. इससे महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में मानसून आगे बढ़ने की संभावना है यानी अगले कुछ दिन मानसून की चाल तय करने वाले साबित हो सकते हैं.



> 19 से 25 जून के बीच पूर्वोत्तर भारत - असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश समेत कई राज्यों में व्यापक से लेकर बहुत भारी बारिश की चेतावनी है. पूर्वी भारत में बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में भी भारी बारिश और आंधी-बिजली का अलर्ट जारी किया गया है. दक्षिण भारत में फिलहाल छिटपुट बारिश जारी है लेकिन 20 जून के बाद इसमें तेजी आ सकती है. वहीं पश्चिम में 22 जून के बाद कोंकण और गोवा में बारिश बढ़ने की उम्मीद है. दिल्ली एनसीआर, पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी यूपी में अभी मानसून नहीं पहुंचा है.

## अन्ना हजारे का सरकार को अल्टीमेटम



**मुंबई.** सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने चेतावनी दी कि अगर महाराष्ट्र सरकार सूचना का अधिकार के नियमों में किए गए गैरकानूनी संशोधनों को तुरंत वापस नहीं लेती है, तो वह पांच जुलाई से अहिल्यानगर जिले के रालेगण सिद्धि गांव में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगे. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लिखे पत्र में हजारे ने कहा कि महाराष्ट्र सूचना का अधिकार नियम आरटीआई कानून की धार को कमजोर कर देंगे और नागरिकों को जानकारी से दूर रखेंगे. उनका दावा है कि 12 जून को किए गए संशोधन आरटीआई अधिनियम, 2005 की भावना के खिलाफ हैं.

# नौवहन की स्वतंत्रता भी बहाल होगी : डोभाल

▸ होर्मुज का खुलना ऊर्जा सुरक्षा के लिए सकारात्मक कदम

**नई दिल्ली 23 जून. राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने होर्मुज जलडमरूमध्य के खुलने को वैश्विक ऊर्जा प्रवाह और समुद्री क्षेत्र में स्थिरता के लिए सकारात्मक कदम बताते हुए मंगलवार को कहा कि इससे ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी और सभी देशों के लिए नौवहन की स्वतंत्रता बहाल होगी.**

श्री डोभाल ने आज यहां 16 वीं ब्रिक्स बैठक में सदस्य देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों का स्वागत किया. उन्होंने कहा , होर्मुज जलडमरूमध्य का खुलना बहुत ही स्वागत योग्य कदम है क्योंकि इससे ऊर्जा सुरक्षा में मदद मिलेगी. इस अहम शिपिंग मार्ग से नौवहन की स्वतंत्रता का लाभ इस क्षेत्र और उससे बाहर के देशों को मिलेगा. ब्रिक्स की बैठक ऐसे समय में हो रही है जब ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले के बाद दुनिया ने बड़े पैमाने पर वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर इसका प्रतिकूल प्रभाव झेला जिसके कारण होर्मुज को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा था और ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई थी.



### दुनिया वैश्विक खतरों से घिरी हुई है

डोभाल ने कहा कि ये घटनाक्रम मौजूदा वैश्विक शासन संरचनाओं पर अभूतपूर्व दबाव डाल रहे हैं. उन्होंने अपनी शुरुआती टिप्पणी में कहा कि हम बहुत उथल-पुथल भरे समय में मिल रहे हैं. दुनिया सैन्य संघर्षों और जटिल सुरक्षा समस्याओं से घिरी हुई है. यह भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, आर्थिक दबावों और विघटनकारी तकनीक का सामना कर रही है. राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि वैश्विक खतरों का बढ़ता दायरा और उनका आपस में जुड़ाव पारंपरिक राजनयिक और संस्थागत ढांचे की सीमाओं को उजागर कर रहा है. उन्होंने कहा, किन केवल खतरे बढ़ रहे हैं, बल्कि इन संघर्षों को सुलझाने या कम करने के लिए उपकरण और संस्थागत तंत्र भी अपर्याप्त साबित हो रहे हैं.

# राम मंदिर दान विवाद से बीजेपी शीर्ष नेतृत्व नाराज

▸ वीएचपी की दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग

**लखनऊ, 23 जून. अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे की गड़बड़ी को लेकर सियासत बढ़ती जारी है. बीजेपी के अंदर भी नाराजगी की खबर है.**

शुरुआती आरोप सिर्फ दान पेटियों से नकदी और कीमती चढ़ावे के हिसाब-किताब में गड़बड़ी तक सीमित थे, लेकिन एसआईटी की जांच आगे बढ़ने के साथ अब मामला नकदी की बरामदगी, स्टाफ चयन, ट्रस्ट से जुड़े लोगों की भूमिका, जमीन खरीद-फरोख्त और वीवीआईपी पास जारी करने के अधिकार तक पहुंच गया है. जांच एजेंसियां दान गिनती और जमा प्रक्रिया से जुड़े कर्मचारियों के चयन की भी पड़ताल कर रही हैं यानी सिर्फ चोरी नहीं, बल्कि सिस्टम के भीतर संभावित ढिलाई, पक्षपात या मिलीभगत की भी जांच हो रही है.एसआईटी ने अब तक करीब 2 करोड़ रुपये बरामद किए हैं और मंदिर प्रशासन से जुड़े कई कर्मचारियों व अधिकारियों से पूछताछ की है. महासचिव चंपत राय, ट्रस्ट सदस्य अनिल मिश्रा और प्रशासनिक भूमिका में जुड़े गोपाल राव जैसे नाम भी जांच के दायरे में आए हैं.

## भाजपा नेता के क्लीनिक पर पेट्रोल बम से हमला



**बठिंडा.** शहर के प्रसिद्ध होम्योपैथिक डॉक्टर, सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन और भाजपा नेता डॉ. तरसेम गर्ग के क्लीनिक पर सोमवार देर रात पेट्रोल बम से हमला किए जाने का मामला सामने आया है. हमले में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन परिसर में खड़ी स्कूटी समेत कुछ सामान क्षतिग्रस्त हो गया. घटना के करीब दो घंटे बाद डॉ. गर्ग की पत्नी को एक धमकी भरा फोन आया, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को गैंगस्टर शहजाद भट्टी बताते हुए घटना की जिम्मेदारी लेने का दावा किया. रात करीब 9.40 बजे दो अज्ञात युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर मेला राम रोड स्थित क्लीनिक के बाहर पहुंचे.

## आज का इतिहास

- 1314- बैनॉकबर्न की लड़ाई : रॉबर्ट द ब्रूस ने एडवर्ड द्वितीय को हराकर स्कॉटलैंड को हराया.
- 1441 - ईटन कॉलेज की स्थापना.
- 1497 - जॉन कैबट न्यूफाउंडलैंड पहुंचे.
- 1564 - महारानी दुर्गावती मुगलों से जंग के दौरान शहीद हुई.
- 1571- मनीला की स्थापना मिगुएल लोपेज डी लेगाजपी ने की.
- 1664- न्यू जर्सी कॉलोनी की स्थापना हुई.
- 1692 - किंग्स्टन शहर की स्थापना.
- 1793- फ्रांस ने अपना पहला गणतंत्रात्मक संविधान अपनाया.


## Chola — Enter a better life
# चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालयः चोला क्रेस्ट, सी54 और 55, सुपर बी-4, थिरु वी का औद्योगिक एस्टेट, गिंडी, चेन्नई-600 032, टी. एन.

**ई-नीलामी बिक्री सूचना (केवल ई-बोली के माध्यम से बिक्री)**

**अचल सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और 9(1) के तहत जारी की गई।**

आम जनता और खास तौर पर कॉलम (A) में बताए गए उधारकर्ता और गारंटरओं को यह सूचना दी जाती है कि कॉलम (C) में बताई गई अचल संपत्ति, जिसे सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज किया गया था और जिसका 'कंस्ट्रक्टिव पजेशन' कॉलम (D) में बताए अनुसार सुरक्षित लेनदार 'चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड' के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उसे नीचे दी गई जानकारी के अनुसार "जैसा है, जहाँ है", "जैसा है, वैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। :- कॉलम (A) में बताए गए उधार लेने वालों/गिरवी रखने वालों (जिनकी मृत्यु हो चुकी है) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों (चाहे ज्ञात हों या अज्ञात), निष्पादकों, प्रशासकों, उत्तराधिकारियों और असाइनी को सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स 2002 की धारा 8(6) के तहत यह सूचना दी जाती है। बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया सुरक्षित लेनदार 'चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड' की वेबसाइट https://www.cholamandalam.com और www.auctionfocus.in पर दिए गए लिंक को देखें।

| स. क्र. | (ए) ऋण खाता संख्या / उधारकर्ता/ऋणकताओं/ बंधक/बंधककताओं/ गारंटर/गारंटरों के नाम | (बी) बकाया राशि की वसूली की जानी है (सुरक्षित ऋण) | (सी) अचल संपत्ति/प्रतिभूति का विवरण | (डी) प्रकार कब्जा | (ई और एफ) आरक्षित मूल्य (रुपये में) / बयाना राशि (रुपये में) | (जी) नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋण खाता. नं.(एस).: LAP1SHD000111065 1. श्रीमान/सुश्री रूपेश गुप्ता सी/ओ. जगदीश गुप्ता, 2. श्रीमान/सुश्री रोशनी गुप्ता सी/ओ. जगदीश गुप्ता, पताः ग्राम-मानपुर, उमरिया, म.प्र., 484665, वार्ड क्र.06, निकट काली मंदिर, उमरिया, म.प्र. -484 665; इसके अलावाः वार्ड क्र.06, भाग ख.नं.1278/2, पी.एच.एन.आर.एन.एम. मानपुर, उमरिया, काली मंदिर के पास म.प्र.-484665. | रू. 25,71,393/- (पच्चीस लाख इकहत्तर हजार तीन सौ तिरानवे मात्र) 10.03.2026 तक | पता साइट के अनुसार - खसरा नंबर 1278/2/ वार्ड नंबर का हिस्सा 06, पी. एच. एन. मानपुर आर. एन. एम. मानपुर, उमरिया-484 665 मध्य प्रदेश, दस्तावेज के अनुसार पता - वार्ड नं 06 मानपुर, काली मंदिर के पास, उमरिया, काली मंदिर के पास, खसरा नंबर 1278/2, उमरिया, मध्य प्रदेश। कुल विस्तार - 0.023 हेक्टेयर = 230 वर्ग. मीटर सीमाएँ - पूर्व : रामललन शुक्ला का घर; पश्चिम : नगर पंचायत सड़क; उत्तरः राममिलन गुप्ता का घर; दक्षिण - घर सुरेश गुप्ता का. | रचनात्मक कब्जा | रू. 52,28,750/- (बावन लाख अट्ठाईस हजार सात सौ पचास मात्र) / रू. 5,22,875/- (पांच लाख बाईस हजार आठ सौ पिचहत्तर मात्र) | 30.07.2026 दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक (निविदा दस्तावेज के अनुसार प्रत्येक 5 मिनट के स्वचालित विस्तार के साथ) |
| 2. | ऋण खाता. नं.(एस).: LAP3NHR000132225 1. श्रीमान. /सुश्री शिवम वर्मा पुत्र भगवान सिंह वर्मा 2. श्रीमान. /सुश्री राजकुमारी वर्मा। पता : विवेकानन्द वार्ड, एम पी ईबी कॉलोनी गाडरवारा, श्रीराम भवन के पास, जिला. नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश-487 551; इसके अलावाः NB119, Ph99/18/1, Kh. क्रमांक 137/72, राजीव वार्ड,, गाडरवारा, नरसिंहपुर, मप्र, 487551। | रू. 20,30,358/- (बीस लाख तीस हजार तीन सौ अठावन मात्र) 10.03.2026 तक | साइट के अनुसार पताः खसरा नंबर 137/72/NB का हिस्सा : 119, Ph. 99/18/1, राजीव वार्ड गडरवारा नरसिंहपुर 487551 म.प्र. दस्तावेज के अनुसार पता - 30, मौजा राजीव वार्ड, गडरवारा, रोड, 119, नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश, लैंडमार्क - श्रीराम भवन के पास, MPEB कॉलोनी, निकटतम चोला ब्रांच - नरसिंहपुर, निकटतम चोला ब्रांच से दूरी - 50, सीमाएं, दिशाएं - प्लान / डीड / लेआउट के अनुसार - पूर्व : सीमेंट रोड; पश्चिम : विनीता पटेल का प्लॉट; दक्षिण : ढिमोले का प्लॉट; उत्तर : कौरव का प्लॉट; वास्तविक साइट के अनुसार - पूर्व : रोड, पश्चिम : खाली प्लॉट, दक्षिण : ओमप्रकाश ढिमोले की प्रॉपर्टी; उत्तर : राजपूत का प्लॉट | रचनात्मक कब्जा | रू. 38,80,000/- (अड़तीस लाख अस्सी हजार मात्र) / रू. 3,88,000/- (तीन लाख अठासी हजार मात्र) | 30.07.2026 दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक (निविदा दस्तावेज के अनुसार प्रत्येक 5 मिनट के स्वचालित विस्तार के साथ) |
| | निरीक्षण की तिथि एवं समयः - 28.07.2026, सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे के बीच। | | | न्यूनतम बोली वृद्धि राशिः 10,000 रुपये/- | | |
| | सहभागिता हेतु बोली/ईएमडी/अनुरोध पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 29.07.2026 शाम 5 बजे तक है। | | | | | |

* लोन एग्रीमेंट के अनुसार लागू अतिरिक्त ब्याज, साथ ही पेमेंट और/या वसूली की तारीख तक हुए अन्य खर्च, लागत, शुल्क आदि भी शामिल हैं। प्रॉपर्टी के निरीक्षण, बोली (बिड) डॉक्यूमेंट प्राप्त करने या किसी अन्य सवाल के लिए, कृपया श्री अंकुश विश्वकर्मा (संपर्क नंबर 9752712456 और ईमेलः ankushv@chola.murugappa.com) या श्री विनय संखरे (मोबाइल नंबर +91 9737317135 और ईमेलः vinaysb@chola.murugappa.com) से संपर्क करें, जो चोलमंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकारी हैं। चोलमंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी की जानकारी और ज्ञान के अनुसार, ऊपर बताई गई अचल संपत्तियों/सुरक्षित एसेट्स पर कोई भी कानूनी बोझ या दावा (encumbrances) नहीं है।

**दिनांकः 23.06.2026**
**स्थानः उमरिया, नरसिंहपुर, मध्यप्रदेश**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड**


## लोक अदालत में चालान माफी का नियम बदला

**नई दिल्ली.** ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर अब सिर्फ जुर्माना भरकर मामला खत्म कर देने का दौर बदल रहा है. सरकार ने ट्रैफिक चालानों के निपटारे, विवाद और दोहराए गए उल्लंघनों को लेकर सख्त और समयबद्ध व्यवस्था लागू की है, जिसका सीधा असर वाहन चालकों पर पड़ेगा. नई व्यवस्था के तहत अगर किसी वाहन चालक को चालान मिलता है, तो उसे 45 दिनों के भीतर या तो चालान की राशि जमा करनी होगी या फिर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अपनी आपत्ति/शिकायत दर्ज करनी होगी. अगर इस समय-सीमा में कोई कदम नहीं उठाया गया, तो चालान को स्वीकार मान लिया जाएगा और आगे जुर्माना भरना अनिवार्य हो जाएगा.

# भारत के 11 जहाजों ने होर्मुज किया पार

**10 जहाज अभी भी खाड़ी क्षेत्र में : विदेश मंत्रालय**

**नई दिल्ली 23 जून.पश्चिम एशिया संघर्ष समाप्त करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच 17 जून को हुए समझौते के बाद से भारत आने वाले 11 विभिन्न टैंकरों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार किया है.**

भारतीय ध्वज वाले दस टैंकर अभी भी खाड़ी क्षेत्र में फंसे हुए हैं और दो ने अभी होर्मुज को पार कर खाड़ी क्षेत्र में प्रवेश किया है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को यह जानकारी दी. श्री जायसवाल ने मीडिया ब्रीफिंग में होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति से जुड़े सवालों के जवाब में कहा कि 17 जून को अमेरिका और ईरान के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये जाने के बाद से भारत आने वाले कुल 11 जहाजों ने होर्मुज को सुरक्षित पार किया है. उन्होंने कहा कि भारतीय ध्वज वाले दस जहाज अभी भी खाड़ी क्षेत्र में फंसे हैं और उनके भी जल्द लौटने की उम्मीद है. उन्होंने कहा कि भारत के दो और जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर खाड़ी क्षेत्र में गये हैं. होर्मुज जलडमरूमध्य में दोनों तरफ से जहाजों का आवागमन शुरू हो गया है.



> प्रवक्ता ने कहा कि भारत में आने वाले 11 जहाजों में से तीन भारतीय ध्वज वाले हैं जिनमें से प्रत्येक पर दो लाख 85 हजार टन कच्चा तेल लदा है। एक विदेशी टैंकर पर एलपीजी और दूसरे विदेशी जहाज पर कच्चा तेल लदा है। इसके अलावा छह बल्क कैरियर भी भारत आ रहे हैं जिनमें उर्वरक लदा है. उल्लेखनीय है कि अमेरिका और ईरान ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं इसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना भी शामिल है.

## हस्तियों के ट्वीट



हरदीप सिंह पुरी ने हाल ही में एक पोस्ट में बताया कि भारत में तेल की खोज की शुरुआत भगवान गणेश के चरणों के स्पर्श से हुई है. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि ? श्री गणेशाय नमः भारत में तेल की खोज की शुरुआत भगवान गणेश के चरणों के स्पर्श से हुई, जब स्थानीय लोगों और इंजीनियरिंग स्टाफ ने हाथियों के पैरों पर तेल के निशान देखे. भारत की ऊर्जा यात्रा के इतिहास को जानने का एक शानदार अनुभव.



ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि टकराव को खत्म करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने के बाद से, अमेरिका और ईरान के अधिकारियों ने स्विट्जरलैंड में अपनी पहली सीधी उच्च-स्तरीय बातचीत की है. पाकिस्तान और कतर के मध्यस्थों ने इस बातचीत को सकारात्मक और रचनात्मक बताया है; दोनों पक्षों ने युद्धविराम के ढांचे को लागू करने और संभावित अंतिम समझौते की नींव रखने पर चर्चा की.

# महाराष्ट्र में कोई बिजली कटौती नही : देवेंद्र फडणवीस

▸ बिजली की बढ़ी हुई मांग को सफलतापूर्वक संभाला

**मुंबई, 23 जून. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को स्पष्ट रूप से इस बात से इनकार किया कि राज्य में किसी भी तरह की घोषित बिजली कटौती की जा रही है.**

उन्होंने दावा किया कि सरकार ने हाल ही में बिजली की बढ़ी हुई मांग को सफलतापूर्वक संभाला है। राज्य विधानसभा के चल रहे मानसून सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक हेमंत ओगाले के एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने बिजली गुल होने और ताप विद्युत परियोजनाओं के तकनीकी दिक्कतों को लेकर चिंताओं को दूर किया. सीएम फडणवीस ने सदन में कहा कि महाराष्ट्र में एक भी दिन योजनाबद्ध तरीके से बिजली कटौती नहीं की गयी है. कुछ ताप विद्युत संयंत्रों में तकनीकी समस्याओं की खबरें आयीं थीं, हमने यह सुनिश्चित किया कि इससे राज्य की कुल आपूर्ति प्रभावित न हो. उन्होंने बताया कि कोराडी में 660 मेगावाट क्षमता वाली इकाई और नाशिक की अन्य इकाइयों को 12-13 जून और 17-19 जून के बीच अस्थायी तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था.



# भोजपुर एनकाउंटर प्रकरण में चार पुलिसकर्मियों को किया निलंबित

▸ आत्मसमर्पण करने वाले युवक को मारी गोली

**पटना, 23 जून. भोजपुर जिले में भरत भूषण तिवारी की कथित पुलिस मुठभेड़ में मौत का मामला अब बिहार की कानून-व्यवस्था और पुलिस कार्रवाई पर बड़े सवाल खड़े कर रहा है.**

इस घटना ने तब और तूल पकड़ लिया, जब मृतक की मां आशा देवी ने पुलिस पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनका बेटा मुठभेड़ के दौरान आत्मसमर्पण कर चुका था. परिवार का दावा है कि भरत ने अपने हथियार फेंक दिए थे और पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया था, लेकिन इसके बावजूद उसे जानबूझकर गोली मारी गई. परिजनों ने इसे सीधा-सीधा हत्या करार देते हुए दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है.

पुलिस की कहानी इससे बिल्कुल अलग है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि भरत ने आत्मसमर्पण नहीं किया था, बल्कि वह पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश कर रहा था. पुलिस का दावा है कि अपनी जान बचाने और आरोपी को पकड़ने के प्रयास में जवाबी गोलीबारी करनी पड़ी.


**OFFICE OF THE SECRETARY**
**KRISHI UPAJ MANDI SAMITI**
**SEHORE, DISTT. -SEHORE**

**No./Nirman/26-27/670** **Dated : 22.06.2026**

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for **Name & Place of work-** Construction of Coverd Auction Plate form on Existing CAP and Cement Concreet Road at mandi yard Sehore **Tender Number : 2026_MPSAM_516949_1 (PAC amount Rs. 396.74 Lae)**. And Construction of Over Head Tank and Sump well (50,000 Ltr.) at mandi yard Sehore **Tender Number : 2026_MPSAM_516950_1 (PAC amount Rs. 25.02 Lac)**. The following works Tender to be Received Online up to 5:30 PM on Dated 17.07.2026 Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note :-** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/126529/2026 **SECRETARY**



**MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
**(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)**
**3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)**
**(GST No. 23AAATM9054A3ZX)**

**NOTICE INVITING TENDER No. 389/MTN/2026**

**No./6082/22/D-12/NIT-Maint./2026** **Bhopal, Dated : 23.06.2026**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :

- **SSR Applicable :-** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.
- **Table-1 : Name of Work -** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Anuppur | 2 | 77389980.00 |
| 2 | Ashoknagar | 1 | 7616830.00 |
| 3 | Balaghat | 3 | 111659206.00 |
| 4 | Barwani | 1 | 4055018.00 |
| 5 | Betul | 3 | 25534560.00 |
| 6 | Bhind | 2 | 4514102.00 |
| 7 | Burhanpur | 1 | 7691154.00 |
| 8 | Chhatarpur | 1 | 19832996.00 |
| 9 | Damoh | 1 | 2561528.00 |
| 10 | Dewas | 4 | 74870784.00 |
| 11 | Dhar | 1 | 2374697.00 |
| 12 | Guna | 1 | 3897846.00 |
| 13 | Harda | 1 | 22106176.00 |
| 14 | Indore | 2 | 34689930.00 |
| 15 | Jabalpur | 2 | 42719123.00 |
| 16 | Katni | 1 | 37282537.00 |
| 17 | Khargone | 2 | 16804086.00 |
| 18 | Morena | 1 | 44637502.00 |
| 19 | Narmadapuram | 4 | 46613150.00 |
| 20 | Neemuch | 1 | 4325152.00 |
| 21 | Panna | 1 | 21667719.00 |
| 22 | Raisen | 1 | 4812203.00 |
| 23 | Rewa | 1 | 1370879.00 |
| 24 | Sagar | 2 | 27295250.00 |
| 25 | Satna | 4 | 75655367.00 |
| 26 | Sehore | 2 | 11649325.00 |
| 27 | Seoni | 2 | 15656715.00 |
| 28 | Shajapur | 3 | 56691869.00 |
| 29 | Sheopur | 1 | 11930716.00 |
| 30 | Ujjain | 1 | 41097016.00 |
| 31 | Vidisha | 1 | 4037176.00 |

- **Table-2 : Name of Work -** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Ten Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Ashoknagar | 1 | 6526916.00 |
| 2 | Balaghat | 4 | 55517001.00 |
| 3 | Betul | 1 | 4155873.00 |
| 4 | Bhind | 6 | 50087087.00 |
| 5 | Burhanpur | 2 | 4498139.00 |
| 6 | Chhindwara | 1 | 33431079.00 |
| 7 | Damoh | 2 | 11727694.00 |
| 8 | Dewas | 1 | 5787702.00 |
| 9 | Dhar | 3 | 25998871.00 |
| 10 | Dindori | 1 | 16135301.00 |
| 11 | Harda | 1 | 16874977.00 |
| 12 | Indore | 2 | 14632087.00 |
| 13 | Jabalpur | 2 | 24626971.00 |
| 14 | Katni | 1 | 32631223.00 |
| 15 | Khandwa | 2 | 19977208.00 |
| 16 | Khargone | 5 | 73674837.00 |
| 17 | Mandla | 1 | 32423409.00 |
| 18 | Mandsaur | 2 | 20061342.00 |
| 19 | Narmadapuram | 4 | 22620112.00 |
| 20 | Narsinghpur | 1 | 49574572.00 |
| 21 | Neemuch | 4 | 48853679.00 |
| 22 | Raisen | 3 | 21307464.00 |
| 23 | Sagar | 4 | 54354355.00 |
| 24 | Satna | 1 | 37573650.00 |
| 25 | Sehore | 3 | 11879676.00 |
| 26 | Seoni | 3 | 84114846.00 |
| 27 | Shajapur | 1 | 12590180.00 |
| 28 | Sidhi | 1 | 5699386.00 |
| 29 | Singrauli | 1 | 17388832.00 |
| 30 | Ujjain | 1 | 24499950.00 |
| 31 | Vidisha | 1 | 12459016.00 |

- **Table-3 : Name of Work -** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Fifteen Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 15 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Ashoknagar | 1 | 22385174.00 |
| 2 | Balaghat | 6 | 252423182.00 |
| 3 | Betul | 4 | 79904010.00 |
| 4 | Bhind | 3 | 32735592.00 |
| 5 | Chhindwara | 1 | 44064724.00 |
| 6 | Dewas | 3 | 42348261.00 |
| 7 | Dhar | 3 | 48770068.00 |
| 8 | Dindori | 1 | 5254499.00 |
| 9 | Gwalior | 1 | 4612809.00 |
| 10 | Harda | 2 | 19277477.00 |
| 11 | Khandwa | 1 | 8786302.00 |
| 12 | Khargone | 4 | 55757910.00 |
| 13 | Mandla | 2 | 131943629.00 |
| 14 | Mandsaur | 2 | 55814419.00 |
| 15 | Narmadapuram | 2 | 7946486.00 |
| 16 | Neemuch | 2 | 36471465.00 |
| 17 | Pandhurna | 1 | 7047644.00 |
| 18 | Sagar | 4 | 34568118.00 |
| 19 | Sehore | 1 | 16226055.00 |
| 20 | Seoni | 1 | 70372724.00 |
| 21 | Shajapur | 2 | 28308300.00 |
| 22 | Singrauli | 2 | 71325185.00 |
| 23 | Ujjain | 1 | 23220909.00 |

1 Tender document can be purchased only online from the above website from **11.06.2026 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission is **25.06.2026 (17:00 hrs.).**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**
M.P. Madhyam/126520/2026

'मेरी सड़क' ऐप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।